देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 186 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...फिर भी रहे सतर्क



# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 25 अक्टूबर 2020



मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 21.0°

37244.59

5 खराब फिल्म जानबूझकर नहीं बनाई

6 कमाल करता है हल्दी वाला दूध

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय जवानों ने एलओसी पर पाकिस्तानी ड्रोन को गिराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
श्रीनगर। उत्तरी कश्मीर के जिला कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा से सटे केरन सेक्टर में भारतीय सीमा की टोह लगा रहे पाकिस्तानी ड्रोन को सतर्क जवानों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। यह घटना शनिवार सुबह 8 बजे की है। भारतीय क्षेत्र में आतंकियों की घुसपैठ कराने के लिए पाकिस्तान काफी प्रयास कर रहा है। कश्मीर में सक्रिय आतंकवादी संगठनों तक हथियार पहुंचाने, आतंकवादियों की घुसपैठ कराने के लिए वह मार्गों की तलाश कर रहा है।

### देश के सभी लोगों को मुफ्त में मिले कोरोना वैक्सीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा ने वहां की जनता से वादा किया है कि अगर उनकी पार्टी दोबारा सत्ता में आयी तो लोगों को कोरोना की वैक्सीन मुफ्त में दी जाएगी। भाजपा के इसी चुनावी वादे पर राजनीति बिहार से लेकर दिल्ली तक गरमा गई है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि कोविड-19 वैक्सीन बिहार ही नहीं बल्कि पूरे देश में मुफ्त में उपलब्ध होनी चाहिए। सभी लोग कोरोना वायरस से परेशान हैं, इसलिए वैक्सीन देश के लिए मुफ्त होनी चाहिए।

### 'ऑपरेशन सत्य' से शहर को नशा मुक्त बना रही दून पुलिस

**संवाददाता** देहरादून। शहर को नशा मुक्त करने के लिए दून पुलिस इन दिनों 'ऑपरेशन सत्य' के तहत अभियान चलाकर ड्रग्स पेडलर्स को नेस्तनाबूद करने में जुटी है। उससे पहली बार किसी अभियान में दून की पुलिस की प्रबल इच्छाशक्ति नजर आ रही है। क्योंकि जिस तरह से पुलिस अपने साथ स्वयंसेवी संस्थाओं, स्पेशलिस्ट डॉक्टर, मनोचिकित्सक व अन्य पेशेवर लोगों का सहयोग से नशे की गिरफ्त आ चुके युवाओं का इलाज व कॉन्सलिंग कर उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास कर रही हैं।

# विकास कार्यों में और तेजी लाने के निर्देश

## सीएम ने बागेश्वर में अधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं/कार्यों की समीक्षा बैठक की

**संवाददाता**
देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने विकास भवन सभागार बागेश्वर में अधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं/कार्यों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने शासकीय योजनाओं की अद्यतन प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए विकास कार्यों में और तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जनता को लाभान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि वर्तमान समय में कोविड-19 से निपटने के लिए हम सभी को सामूहिक रूप से प्रयास करने होंगे, इसमें किसी भी प्रकार का शिथिलता न बरती जाय। इस कार्य में पुलिस को एक्टिव होकर कार्य करना होगा तथा बिना मास्क व नियमों

> राज्य सरकार विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जनता को लाभान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध

का पालन न करने वालों के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला जाय। उन्होंने सभी लोगों तक मास्क की उपलब्धता बनी रहे, इसके लिए महिला समूह के माध्यम से मास्क बनाने को कहा। दवाईयों की उपलब्धता निरंतर बनी रहे तथा आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, कोरोना संक्रमण वायरस के नियंत्रण व रोकथाम के लिए लगातार प्रचार-प्रसार किया जाय। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि इस योजना से लाभार्थियों को लाभान्वित करने के लिए विभाग निरंतर बैंकों के



साथ समन्वय स्थापित करें। लाभार्थियों की परेशानियों को दूर करने के लिए बैंकों के साथ मेले का आयोजन करें तथा इसके लिए जनपद स्तर पर एक नोडल अधिकारी की तैनाती की जाय। कोविड-19 के कारण जनपद में वापस आये प्रवासियों की सफलता की कहानी पर मुख्यमंत्री ने प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग लोगों से वार्ता करें तथा वे जिस काम में रूचि रखते है उस कार्य के लिए उन्हें प्रेरित किया जाय। हमारा मकसद प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोत्तरी करना होना चाहिए, इसलिए नियोजित तरीके से खपत की पूर्ति करने के लिए एक बेहतर योजना होनी चाहिए। उन्होंने पशुपालन विभाग को पोल्ट्री के क्षेत्र में सुनियोजित तरीके से कार्य करने को कहा, उन्होंने कहा कि कोई भी कार्य परिणात्मक होना चाहिए। मनरेगा की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिक से अधिक व्यक्तियों का पंजीकरण कराने के निर्देश दिये। ग्रोथ सेंटर योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि ग्रोथ सेंटर आत्मनिर्भर भारत और वोकल फोर लोकल का अच्छा उदाहरण है, इसलिए ग्रोथ सेंटर से जुड़े लोगों के स्किल डेवलवमेंट की भी व्यवस्था की जाय। ग्रोथ सेंटरों की उत्पादों की सीजनल ही नहीं बल्कि नियमित बिक्री सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि शहद की बहुत मॉग रहती है इसलिए इससे संबंधित ग्रोथ सेंटर बनाये जाने के लिए कार्य किया जाय। उन्होंने मसाला प्रसंस्करण ग्रोथ सेंटर के बारे में कहा कि इसके उत्पाद पूर्ण रूप से आर्गेनिक हो तथा इन्हें प्रमाणित ऐजेंसी द्वारा प्रमाणित कराया जाय। ¼foLr`r [kcj i`t 8 ij½

# रॉ चीफ से मिलकर बदले नेपाली प्रधानमंत्री के सुर

## विजयदशमी की बधाई देने वाला ट्वीट किया है और इसमें पुराना नक्शा इस्तेमाल किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
काठमांडू। चीन के इशारे पर अब तक नाच रहे नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ के चीफ से मुलाकात के बाद सुर बदलते नजर आ रहे हैं। नेपाली प्रधानमंत्री ने विजयदशमी की बधाई देने वाला ट्वीट किया है और इसमें उन्होंने नेपाल का पुराना नक्शा ही इस्तेमाल किया है। दरअसल, नेपाल और भारत के बीच ताजा विवाद की जड़ नेपाल का नया नक्शा है जिसमें काठमांडू ने भारतीय इलाकों पर दावा किया है।

माना जा रहा है कि अब तक भारत-नेपाल सीमा विवाद पर सख्त रवैया अपनाए पीएम केपी शर्मा ओली के रुख में रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के प्रमुख सामंत कुमार गोयल से मुलाकात के बाद बदलाव आया है। इससे पहले गोयल ने बुधवार रात को अकेले में ओली से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की थी। यही नहीं भारतीय सेना प्रमुख जनरल नरवणे भी अगले महीने नेपाल की यात्रा पर जा रहे हैं।

**रॉ प्रमुख से मिलकर अपने ही देश में फंस गए ओलीः** इस बीच ओली रॉ प्रमुख से मिलकर अपने ही देश में फंस गए हैं। इस मुलाकात को लेकर उनकी खुद की नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी ही खिलाफ खड़ी हो गई है। सत्तारूढ़ पार्टी के कई नेताओं ने पीएम ओली पर कूटनीतिक नियमों को तोड़ने का आरोप लगाया है। सत्तारूढ़ दल नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के नेता भीम रावल ने कहा कि रॉ प्रमुख गोयल और प्रधानमंत्री ओली के बीच जो बैठक हुई, वह कूटनीतिक नियमों के विरूद्ध है और इससे नेपाल के राष्ट्रहितों की पूर्ति नहीं हुई।

### विपक्षी पार्टी ने भी ओली के खिलाफ खोला मोर्चा

प्रमुख विपक्षी पार्टी नेपाली कांग्रेस के केंद्रीय नेता गगन थापा ने ट्वीट किया कि यह बैठक न केवल कूटनीतिक नियमों का उल्लंघन है बल्कि हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा पर खतरा भी पैदा करती है। इसकी जांच की जानी चाहिए। पहले यह खबर भी आई थी कि रॉ चीफ गोयल ने पीएम ओली से मुलाकात से पहले नेपाल के तीन पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड, माधव कुमार नेपाल नेपाली कांग्रेस के शेर बहादुर देउबा से मुलाकात की थी। हालांकि, इन तीनों नेताओं ने गोयल के साथ अपनी मुलाकात की खबरों को गलत बताते हुए खारिज कर दिया था।

# कांग्रेस ने मंदिर मुद्दे को लटकाए रखा, मोदी ने निकाला रास्ता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नालंदा। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए के प्रत्याशी के लिए वोट मांगने बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा नालंदा के बाल लखीसराय पहुंचे। उन्होंने कहा कि मोदी-नीतीश हैं तो विकास है, राजद है तो विनाश है। नरेंद्र मोदी ने जातिवाद और क्षेत्रवाद के नाम पर वोट मांगने की परिपाटी को बंद किया है। आज काम पर वोट मांगा जा रहा है। मोदी ने भारतीय संस्कृति को बदला है। उन्होंने कहा कि एक करोड़ 25 लाख का पैकेज बिहार को देने वाली बात को लालू प्रसाद ने जुमला बताया था, जबकि मोदी सरकार ने 10 हजार करोड़ शिक्षा, छह हजार स्वास्थ्य, दरभंगा एम्स, 11 मेडिकल कॉलेज, तीन साल में बिहार को दिए।

नड्डा ने कहा कि पीएम जो कहते हैं सो करते हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना में एनडीए की सरकार ने 80 करोड़ जनता को खाद्यान्न दिया। 20 करोड़ बहनों के खाथों में लॉकडाउन के समय खाते में रुपये भेजे। स्वच्छता अभियान में

**चुनाव**

■आपकी ताली बता रही कि परिणाम क्या आएगाः जेपी नड्डा

शौचालय दिया। अब मार्च से लेकर दीवाली और छठ तक राशन देने की व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने राम मंदिर के मुद्दे को लटकाए रखा जबकि भाजपा सरकार ने रास्ता निकाला।

बिहारशरीफ में जेपी नड्डा ने कहा कि जिस अंदाज में जनता ताली बजा रही है, उससे पता चल रहा है कि आपने निर्णय कर लिया है। उन्होंने कहा कि सातों सीटों पर एनडीए जीते, यह निवेदन करने आया हूं। नड्डा ने कहा कि हमें बिहार के विकास के लिए नया आयाम जोड़ना है। पहले अगड़ा-पिछड़ा, गंगा के इस पार उस पार, बाएं-दाएं के नाम पर लोग चुनाव लड़ा करते थे। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने चाल-चरित्र संस्कृति बदल डाली है। अब सभी लोग रिपोर्ट कॉर्ड बताकर वोट मांगते हैं। जाति के नाम पर वोट मांगने का साहस नहीं करते।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# नहीं चाहता आगे और बढ़े तनाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
वाशिंगटन। लद्दाख में भारत-चीन सीमा गतिरोध पर अमेरिका ने फिलहाल नजर रखी हुई है, वह नहीं चाहता कि सीमा पर दोनों देशों के बीच तनाव और आगे बढ़े। ट्रंप प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि अमेरिका भारत और चीन के बीच सीमा रेखा की कड़ी निगरानी कर रहा है और इस स्थिति को और आगे

> लद्दाख में भारत-चीन सीमा रेखा पर अमेरिका की पैनी नजर

नहीं बढ़ाना चाहता है। इसके साथ ही चीन के बढ़ते आक्रामक व्यवहार को देखते हुए अमेरिका ने दक्षिण पूर्व एशिया में भारत की भागीदारी का स्वागत किया है।

ट्रम्प प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि अमेरिका लद्दाख में भारत-चीन गतिरोध को करीब से देख रहा है। इसके साथ ही वह दिल्ली के साथ जानकारी भी साझा कर रहा है। ट्रंप प्रशासन के अधिकारी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में अगले सप्ताह 22 भारत-अमेरिकी मंत्रिस्तरीय सम्मेलन से पहले संवाददाताओं को बताया कि ट्रंप प्रशासन रक्षा बिक्री, संयुक्त सैन्य अभ्यास और सूचना साझा करने के माध्यम से भारत को सहायता प्रदान कर रहा है।